संक्षिप्त

ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किये

टोंक, (निसं)। जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सौम्या झा ने 5 मार्च को स्वामी दयानंद सरस्वती, 8 मार्च को महाशिवरात्रि, 24 को होलिका दहन, 25 को धुलंडी एवं 29 मार्च को गुड फ्राइडे के त्योहार को देखते हुए जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किये हैं। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि उपखंड मजिस्ट्रेट टोंक को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट टोंक को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र, उपखंड मजिस्ट्रेट उनियारा को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट उनियारा को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र का ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इसी तरह उपखंड मजिस्ट्रेट निवाई को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट निवाई को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र, उपखंड मजिस्ट्रेट पीपलू को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट पीपलू को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र का ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। इसी तरह उपखंड मजिस्ट्रेट देवली को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट देवली को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट दूनी को संपूर्ण क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट नगरफोर्ट को संपूर्ण क्षेत्र, उपखंड मजिस्ट्रेट मालपुरा को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट मालपुरा को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र का ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया हैं।

हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

टोंक, (निसं)। महावीर सिंह शेखावत पुलिस उपाधीक्षक निवाई व हेमन्त जनागल उपनिरीक्षक के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा हत्या के प्रयास के आरोपी व हिस्ट्रीशीटर को तीन घण्टे के भीतर गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त ब्रेजा कार को बरामद करने में सफलता हासिल की। दत्तवास थानाधिकारी ने बताया कि 27जनवरी को दत्तवास क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर आरोपी मनराज गुर्जर व रामकल्याण गुर्जर द्वारा ग्राम जगसरा में जन्मदिन के कार्यक्रम दौरान पुरानी रंजिश को लेकर विवश व मजबूर व्यक्तियों को जान से मारने की नियत से ब्रेजा कार उनके उपर चढा दी, जिससे वह घायल हो गये, जिन्हे अस्पताल में भर्ती करवाया। प्रकरण की गंभीरता देखतें हुये हत्या के प्रयास के आरोपी की तलाश कर प्रकरण दर्ज होने के तीन घण्टे के भीतर ही आरोपी मनराज पुत्र भागुता जाति गुर्जर को दस्तयाब कर गिरफ्तार किया।

लापता बालिका का नहीं कोई सुराग

पावटा, (निसं)। विराटनगर विधानसभा के भाबरु थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत कैरली से बीते 24 दिनों से एक नाबालिग बालिका गायब है। 6 फरवरी को अपने घर से स्कूल की कहकर निकली नाबालिग स्कूली छात्रा का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। 24 दिन बीत जाने के बाद भी नाबालिग अपने घर नहीं लौटी है। 24 दिनों से लापता नाबालिग़ लडकी को भाबरु थाना पुलिस अभी तक तलाश नहीं कर पाई है। इस बीच पीडित परिवार थाने के चक्कर लगा रहे हैं। अपनी नाबालिग बेटी की सकुशल बरामदगी को लेकर परिजन दर-दर भटकने को मजबूर है। इस घटना ने परिवार की चिंता बढा दी है।

व्याख्यान माला का आयोजन

कोटपूतली, (निसं)। स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में भारत सरकार के युवा और खेल मंत्रालय के द्वारा आयोजित 6 दिवसीय कार्यक्रम मेरा पहला वोट देश के लिए के अन्तर्गत दुसरे दिन शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ. उर्मिल महलावत, डॉ. मधु नागर, प्रो. सुरेश कुमार यादव, प्रो. पी.सी. जाट, डॉ. सत्यवीर यादव, डॉ. विकास यादव, प्रो. अनिल कुमार शर्मा, प्रो. मालीराम मीणा, प्रो. शुभलता यादव, प्रो. सज्जन सिंह, प्रो. जितेन्द्र कुमार यादव व प्रो. संदीप कुमार आर्य सहित स्वयंसेवक मौजूद रहे।

मंदिर का दानपात्र तोड़ चुराई नगदी

मालपुरा (निसं)। लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र के रूपाहेली गांव में तालाब की पाल स्थित बालाजी मंदिर का दानपात्र तोड चोर नगदी ले गये। शुक्रवार की सवेरे मंदिर में दर्शनों के लिए पहुंचे श्रद्धालूओं को दानपात्र टूटा मिलने पर चोरी की वारदात का पता चला। ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर के दानपात्र में तकरीबन 5 हजार से अधिक चढावा राशि होने का अनुमान है। मंदिर में चोरी व दानपात्र टूटने की घटना से ग्रामीणों में गहरी नाराजगी देखी गई।

सात साल से फरार पचास हजार का इनामी शातिर ठग गिरफ्तार

जयपुर/अलवर,(निसं)। पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच की टीम ने थाना एनईबी जिला अलवर में दर्ज हाल क्राइम ब्रांच में अनुसंधानाधीन 1.24 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में 7 साल से फरार चल रहे 50 हजार के इनामी शातिर ठग पीयूष भारत सैनी पुत्र रमेश चंद्र निवासी पश्चिम विहार दिल्ली को मुंबई से डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध मेडिकल एवं इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश दिलाने के नाम पर ठगी के 16 अपराधिक प्रकरण विभिन्न थानों में दर्ज है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध एवं एजीटीएफ दिनेश एम एन ने बताया कि लम्बे समय से फरार चल रहे आरोपी पीयूष सैनी की गतिविधियों पर आईजी क्राइम प्रफुल्ल कुमार के निर्देशन में क्राइम ब्रांच की टीम नजर रखे हुई थी। इसी दौरान डीआईजी योगेश यादव को आरोपी के मुंबई एयरपोर्ट पर होने की सूचना मिली तो उन्होंने स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों से समन्वय कर इसे डिटेन करवाया। उसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विद्या प्रकाश के सुपरविजन व इंस्पेक्टर सुभाष सिंह तंवर के नेतृत्व में एक टीम मुंबई भेजी गई। जिसमें हैड कांस्टेबल महेंद्र कुमार, सुरेश कुमार, राम अवतार, सोहन सिंह, कांस्टेबल मोहन लाल, मनोज, चालक सुरेश कुमार शामिल थे। यह टीम आरोपी को दस्तयाब कर जयपुर लाई। पुलिस को जांच के दौरान विश्वस्त सूत्रों से पता लगा है कि आरोपी ने दो शादियां कर रखी है। इसका एक परिवार मुंबई में और एक परिवार दिल्ली में रहता है। यह ठगी के पैसों से एशो-आराम कर रहा था।

साल 2017 में एनईबी निवासी मजीद खान ने अपने रिश्तेदार नाजिर व कासिम निवासी अलवर, इनके साथी मनोज निवासी नौगांवा अलवर एवं महेश गुर्जर व पीयूष सैनी निवासी दिल्ली के विरुद्ध 1.24 करोड़ रुपए की ठगी का मुकदमा थाना एनईबी पर दर्ज कराया था। आरोपियों ने दिल्ली में एक बड़ी राजनीतिक पार्टी के पदाधिकारियों से जान पहचान होने की कह पत्नी को मेवात विकास बोर्ड का चेयरमैन बनाने का झांसा दिया था।

आरोपी ठग पीयूष भारत सैनी

- मेडिकल एवं इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश दिलाने के नाम पर ठगी के 16 अपराधिक प्रकरण विभिन्न थानों में दर्ज
- क्राइम ब्रांच की टीम पूछताछ में जुटी है और भी खुलासे होने की संभावना है।

एडीजी एमएन ने बताया कि मामले की जांच वर्तमान में पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच की टीम कर रही है। रिपोर्ट दर्ज होने के वक्त से फरार आरोपी पीयूष सैनी की गिरफ्तारी पर पुलिस मुख्यालय से 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। आरोपी पुलिस का दबाव पड़ने पर गिरफ्तारी से बचने के लिये अक्सर विदेश भाग जाता था। वर्ष 1992 में महाराष्ट्र के एक कॉलेज से इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद आरोपी ने वर्ष 1993 में मॉडल टाउन में मैसर्स एबीसी एजुकेशनल कंसल्टेंट्स के नाम से एक कार्यालय खोला। जिसमें मेडिकल और इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश की व्यवस्था करने का दावा कर विभिन्न समाचार पत्रों में विज्ञापन भी दिए गए।

आरोपी ने संस्थान की वेबसाइट द्वारा भी प्रचार किया। इस वेबसाइट के होम पेज पर भारत में एमडी, एमएस, एमडीएस में सीधे प्रवेश तथा एमबीबीएस, बीडीएस बीटेक व एमबीए में प्रवेश की पुष्टि का आश्वासन दिया गया। साल 1994 में आरोपी ने नई दिल्ली के सफदरगंज एनक्लेव में दिशा एजुकेशनल नाम से मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश के लिए प्रवेश मार्गदर्शन केंद्र खोला। साल 2002 में इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए डेढ़ लाख रुपए की धोखाधड़ी का पहला मामला थाना सरोजिनी नगर नई दिल्ली में दर्ज हुआ। अगस्त 2004 से जून 2006 तक दो वर्षों तक जेल में रहने के बाद बाहर आने पर पुराने राजेंद्र नगर नई दिल्ली में एजुकेशन वाइज नाम से प्रवेश मार्गदर्शन केंद्र शुरू किया।

साल 2016 में आरोपी पीयूष भारत सैनी के विरुद्ध दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच में नोएडा निवासी सूरजपाल द्वारा भतीजे का एडमिशन एमडी पीजी कोर्स कराने के नाम पर 90 लाख रुपए की ठगी का मामला दर्ज हुआ। एडीजी एमएन ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध ठगी के 16 आपराधिक मामले दर्ज है। क्राइम ब्रांच की टीम पूछताछ में जुटी है और भी खुलासे होने की संभावना है।

ठगी के आरोपी को सात साल की सजा

मालपुरा, (निसं)। मालपुरा उपखंड क्षेत्र के लाम्बाहरिसिंह थाने अन्तर्गत मांदोलाई गांव में निजी मोबाईल कम्पनी का टावर लगाने के नाम पर फर्जी अधिकारी बन 28 हजार रूपये की ठगी करने के आरोपी को न्यायालय ने सात साल की सजा सुनाई।

अभियोजन अधिकारी कमल कुमार व सहायक अभियोजन अधिकारी कन्हैयालाल चौधरी ने बताया कि 23 जुलाई 2017 को पीडित राकेश कुमार बलाई निवासी मांदोलाई ने दी रिपोर्ट में बताया कि उसके मोबाईल पर आई एक कॉल में उसे बताया गया कि वो एयरसेल मोबाईल कम्पनी के मैनेजर राजीव शर्मा बोल रहा हूँ आपके बाडे मे कम्पनी का मोबाईल टावर लगाने के लिये जगह चिन्हित की गई है। टावर लगाने की स्वीकृति के लिये अलग-अलग दिन अलग-अलग जानकारियां दे उसने 28 हजार रूपये अलग-अलग खातों में जमा करवाये। उसके द्वारा 28 हजार रूपये देने के बाद अपना मोबाईल बंद कर दिया। ठगी का अंदेशा होने पर दी रिपोर्ट के बाद की गई पडताल में सामने आया कि राजीव शर्मा की फर्जी आईडी व फोटो के जरिये ठगी करने वाला अमन कुमार निवासी उदयराजपुर थाना मलवा जिला फतेहपुर उतरप्रदेश नाम का व्यक्ति था।

पुलिस ने मुल्जिमान को हिरासत में लेने के बाद आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में चल रहा था। शुक्रवार को जांच के सभी तथ्यों का अध्ययन करने के बाद मामले की सुनवाई मालपुरा एसीजेएम न्यायालय मे हुई जिस पर एसीजेएम रेशमा जानवानी ने आरोपी अमन कुमार को सात साल की सजा सुनाने के आदेश दिये।

पेयजल समस्या से आमजन परेशान

मनोहरपुर, (निसं)। कस्बे के सारवान मोहल्ला सहित कई मोहल्ले में पानी की गंभीर समस्या होने से नाराज ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। जानकारी अनुसार शुक्रवार को मोहल्ले में पानी आने का इंतजार लोग सुबह 6 बजे से ही करने लगे थे। ऐसे में पानी की सप्लाई नहीं होने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पडा। वही मौके पर ही ग्रामीणों ने जलदाय विभाग के कर्मचारियों को (रामेश्वर को) फोन लगाकर पानी नहीं आने का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि बिशनगढ की लाइट बंद होने से पानी की सप्लाई नहीं होने व बिशनगढ मोड स्थित पुराना पानी की टंकी में पानी नहीं पहुंच पा रहा है जिससे पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही हैं। उन्होंने बताया कि तोपचीवाडा में पिछले कई दिनों से पानी की गंभीर समस्या चल रही थी उसका भी बिजली कनेक्शन दूसरी ओर जोडकर पानी की पूर्ति के लिए सप्लाई की गई है।

भिवाड़ी की सात इकाईयां बंद करने के आदेश

खैरथल, (निसं)। जिला कलक्टेर डॉ अर्तिका शुक्ला ने भिवाडी की सात इकाइयों को बंद करने के आदेश दिए हैं। भिवाडी में जल भराव की समस्या को देखते हुए जिला कलेक्टर के निर्देश पर रीको व प्रदूषण विभाग की संयुक्त टीम सर्वे में जुटी है। 315 इकाइयों के किए गए अब तक के सर्वे में 71 को नोटिस व सात को बंद करने के आदेश दिए गए हैं। जिला कलेक्टर के निर्देश पर की जा रही इस सर्वे की कार्रवाई से इकाई संचालकों में हड़कंप मचा है।

जिला कलेक्टर शुक्ला ने बताया की अब तक सर्वे के दौरान संयुक्त टीम द्वारा 315 औद्योगिक इकाइयों को चेक किया गया जिसमें 71 इकाइयों को मेमो नोटिस जारी किया गया है। इसके साथ ही सीईटीपी बंद पाइप लाइन से नहीं जुडने वाली औद्योगिक इकाइयों व औद्योगिक इकाइयों द्वारा रीको की ड्रेन में गंदा पानी छोडने पर 7 इकाइयों को बंद करने के आदेश दिए गए हैं।

- 71 को नोटिस जारी, सर्वे की कार्रवाई से संचालकों में मचा हड़कंप

क्षेत्रीय अधिकारी राजस्थान राज्य प्रदूषण मंडल भिवाडी अमित शर्मा ने बताया कि सर्वे के दौरान सीईटीपी बन्द पाइपलाइन से अतिरिक्त दूसरे माध्यम से वेस्ट पानी को डिस्चार्ज कर रही 71 औद्योगिक इकाइयों को मेमो नोटिस जारी किया गया। जिला कलेक्टर के निर्देश पर भिवाडी में की जा रही सर्वे की कार्रवाई से इकाई संचालकों में हडकंप मच गया है।

अवकाशों पर लगाई गई पाबंदी को हटाने की मांग

लालसोट, (निसं)। उपखंड क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों ने शिक्षा विभाग द्वारा एक आदेश जारी कर उनके अवकाशों पर पाबंदी लगाने के आदेशों को प्रत्याहारित करने की मांग को लेकर लालसोट के खंड मुक्त शिक्षा अधिकारी विनोद नौनिहाल को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा लालसोट द्वारा सीबीईओ विनोद कुमार नोनीहाल को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर शिक्षा विभाग द्वारा कर्मचारियों की स्वीकृत सीसीएल,पीएल अवकाश पर लगाई गई पाबंदी को हटाई जाने की मांग की गई है। इस दौरान दोनों गोविंद सहाय शर्मा, सुरेन्द्र जांगीड, वीरसिंह मीना, केशव मणी, मुकेश पुरोहित, विमलेश शर्मा, कृष्णकांत जैमिनी, नवल स्वामी, मुकेश मीना, महेश शर्मा, सुनिल गुप्ता, राजेश सैनी, ओमप्रकाश पलसानिया, सुमित शर्मा, विकास शर्मा, महेश नापित, गिर्राज मीना, वेदप्रकाश शर्मा, दिनेश सैनी,सुनील शर्मा, पुष्पेंद्र, श्याम मीना, विशाल सैन, महेन्द्र वर्मा,अनिल प्रजापति, रामचंद्र साहू, पवन गुप्ता आदि शिक्षक संगठन से जुडे पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

तीन दिवसीय नि:शुल्क दिव्यांग उपकरण शिविर संपन्न

देवली (निसं)। भारत विकास परिषद के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय नि:शुल्क दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया है। तीन दिवसीय शिविर भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर मनीष आयरन एंड सैनेट्री व बनवारी लाल नोरत मल (अंकुर नमक वाले) एवं बडजात्या सेनट्रीवेयर एंड टाईल्स के सहयोग से संपन्न हुआ है। जानकारी के अनुसार शिविर में विशेष आवश्यकता वाले कुल 809 लोगों के रजिस्ट्रेशन हुए जिसमें से 744 दिव्यांगों को उपकरण उपलब्ध करवाकर लाभान्वित किया गया।

इस मौके पर नोरत नामा ने बताया कि शिविर में मौके पर 124 ट्राई साईकिल,100 बैशाखी,70 व्हील चेयर ,100 स्टीक (छडी) 280 हियरिंग ऐड उपकरण वितरित किये। इस मौके पर 70 दिव्यांग व्यक्तियों के जयपुर फुट के कत्रिम हाथ-पैर कैलीपर लगाये गये। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष हरि शंकर शर्मा सुरेश अग्रवाल दौलत जैन पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा बनवारी गुप्ता नोरत गर्ग जिनेन्द्र बिलाला मनीष

70 दिव्यांगों के जयपुर फुट के कृत्रिम हाथ-पैर व कैलीपर लगाये।

बडजात्या पंकज जैन महावीर जैन सोमेंद्र बंब हुकम चंद टेलर सुरेन्द्र नामा सहित अमन गर्ग लवलीस बडजात्या मनीष झंवर भामाशाह जनसेवा समिति से घीसा लाल टेलर कन्हैया लाल लूनिवाल सत्यनारायण गोयल श्याम लाल पारीक एवं भारत विकास परिषद केकडी के महेश मंत्री भगवान माहेश्वरी,राम निवास जैन महावीर पारीक सौभाग माली ने शिविर में सेवाएं दी। शिविर मे उत्कृष्ट सेवा देने वाले स्काउट गाईड एवं कार्मिकों को उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित भी किया गया।

सी.डी.ई.ओ. को सेवानिवृति पर विदाई

राजगढ़, (निसं)। कस्बे की पंचायत समिति सभागार में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी आरडी मीना की सेवानिवृत्ति पर जनप्रतिनिधियों सामाजिक संस्थाओं एवं शिक्षाविदों ने विदाई दी। कार्यक्रम में लायंस क्लब के अध्यक्ष खेम सिंह आर्य, गैर अनुदानित निजी शिक्षण संस्थान संघ के अध्यक्ष मदन लाल शर्मा एवं अनेक प्रधानाचार्य ने मीणा के कार्यकाल की सराहना की। इसके पश्चात मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी रामेश्वर दयाल मीणा को खुली गाडी में उनके निवास तक गाजे बाजे के साथ छोडा गया।

बैंककर्मी समर्पित भाव से समन्वय के साथ कार्य करें : कलेक्टर

कोटपूतली, (निसं)। कोटपूतली-बहरोड जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) एवं जिला परामर्शदात्री समिति की समीक्षा बैठक शुक्रवार को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने बैंकिंग अधिकारियों से कहा कि लोगों को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिले इसके लिए बैंककर्मी समर्पित भाव से समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि बैंककर्मी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से समय पर ऋण स्वीकृत कर किसानों, पशुपालकों एवं युवा उद्यमियों के जीवन में खुशहाली लाने का माध्यम बन सकते है।

पीएम स्वनिधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, फसल बीमा योजना एवं जनधन योजना के अन्तर्गत खोले गये खातों के बारे में जानकारी लेकर सभी बैंकों को शत-प्रतिशत करने के निर्देश दिये। बैठक में नाबार्ड की योजनाओं के

कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई।

संबंध में चर्चा कर योजनाओं में अधिक से अधिक किसानों, पशुपालकों को लाभांवित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी बैंक अधिकारियों को सरकारी योजनाओं के पैंडिंग आवेदनों को जल्द से जल्द निस्तारण करने की हिदायत दी। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा कि संबंधित बैंक अधिकारी ब्लॉक स्तर, पंचायत स्तर व बैंकिंग जागरूकता कैम्प आयोजित कर लोगों को जागरूक करें ताकि धोखाधडी से बचा जा सकें।

उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड के संबंध में बैंकों को नये-नये नवाचार करने चाहिये। वित्तीय लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा दें जिससे बैंकों का कार्यभार कम होगा।

- जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) की बैठक आयोजित

कलक्टर अग्रवाल ने सभी बैंकर्स को कहा कि ग्राहकों की सुविधा के लिए बैंकिंग सुविधाओं में अधिक से अधिक विस्तार करें। बैठक में अग्रणी जिला प्रबन्धक अभिषेक मिश्रा, डीडीएम नाबार्ड प्रदीप चौधरी, एजीएम रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया दिनेश यादव, एलडीएम रा.जे. मीणा सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। अग्रणी बैंक योजनांतर्गत बैंकिंग सांख्यिकीय आंकडों की बैंकवार तुलनात्मक समीक्षा, साख जमा अनुपात व सामाजिक बैंकिंग पर विशेष चर्चा की गई।

सार-समाचार

ई.ओ. नहीं होने से काम अटके

सांभरझील, (निसं)। सांभर नगर पालिका की अधिशाषी अधिकारी कंचन राठौड का ट्रांसफर अनूपगढ करने के बाद स्वायत्त शासन विभाग की ओर से उनके स्थान पर किसी अन्य अधिशाषी अधिकारी की नियुक्ति आदेश जारी नहीं करने से आमजन के अलावा विभाग के अनेक काम पूरी तरह से ठप पडे हैं। जनता अपने कामों के लिए चक्कर काट रही है वही उन्हें एक ही जवाब मिलता है कि ईओ को आने दो उससे पहले कुछ नहीं हो सकता है। ऐसी स्थिति में लोगों को निर्माण स्वीकृति, नाम हस्तांतरण, आवासीय व व्यावसायिक पट्टे उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। जिन लोगों की पट्टा जारी करने की तमाम औपचारिकता पूरी हो गई है वह भी फाइल अटकी पडी है। विकास के कामों पर भी अंतिम मोहर नहीं लग पा रही है। कर्मचारी और ठेकेदारों को भुगतान नहीं मिलने की भी नौबत आ गई है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस शासित नगर पालिकाओं में सरकार का रुख सकारात्मक नहीं है। ऐसी स्थिति में अपने आप को लोग ठगा सा महसूस कर रहे है कि वे आखिर अपना दुखडा किसको सुनाएं, क्योंकि यहां पर यह भी बताया जा रहा है कि पार्षदों की चलती नहीं है विपक्ष कमजोर है। अध्यक्ष बालकिशन जांगिड ने बताया कि हमारे स्तर पर ईओ की नियुक्ति के लिए लिखा गया है। प्राथमिकता के आधार लोगों के काम किए जाएंगे।

राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की

दूदू, (निसं)। जिला कलेक्टर कार्यालय में जिला कलेक्टर हनुमानमल ढाका की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन कर राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। ढाका ने राजस्व न्यायालय सहित विभिन्न न्यायालय में लंबित प्रकरण की स्थिति एवं प्रगति की जानकारी प्राप्त कर समीक्षा की तथा कहा कि कृषि भूमि का बिना रूपांतरण के अकृषि उपयोग करने पर कार्रवाई करने राजकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने नामांतरण एवं सीमा ज्ञान प्रकरणों का समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिए तथा सरपंचों वार्ड पंचों के विरुद्ध लंबित प्रकरणों अवैध खनन का कार्यों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतनलाल योगी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों एवं जनसुनवाई में प्राप्त परिवारों को समय पर निस्तारण किया जावे। बैठक में उपखंड अधिकारी योगेश देवल, राकेश चौधरी, बलवीर सिंह तहसीलदार दशरथ मीणा, सुरेंद्र सिंह बिश्नोई, उप तहसीलदार अशोक पारीक राजेंद्र प्रसाद श्यामलाल सहित राजस्व विभाग के कार्मिक मौजूद रहे।

सी.डी.ई.ओ. ने औचक निरीक्षण किया

श्रीमाधोपुर, (निसं)। कस्बे की महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम श्रीमाधोपुर में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने औचक निरीक्षण किया गया। शुक्रवार सुबह विद्यालय खुलते ही महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम श्रीमाधोपुर का मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी राधेश्याम योगी के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। सभी कर्मचारी विद्यालय में उपस्थित पाए गए। विद्यालय की समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लिया वहीं कक्षाओं में जाकर शिक्षण कार्यों को भी गहनता से देखा। विद्यालय के प्राचार्य रमाकांत शर्मा ने बताया कि उन्होंने विद्यार्थियों से बात की एवं उनके ज्ञान का परीक्षण किया। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने आर के एसएमबी के तहत विद्यालय के परीक्षा परिणाम का अवलोकन किया एवं अपनी संतुष्टि बताई विद्यार्थियों का शैक्षिणक स्तर सही पाया गया एवं उन्होंने सभी शिक्षकों की प्रशंसा की यह उनके इस औचक निरीक्षण था उसमें उनके साथ टीम के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

कार्यालय जिला परिषद (पंचायत प्रकोष्ठ) दौसा

क्रमांक : जिपदौ/लेखा/निविदा/2023-24/11103 दिनांक : 29/02/2024

ई-निविदा सूचना 11/2023-24

जिला परिषद् दौसा के अधीन पंचायत समिति बसवा में स्वीकृत पंचायत भवन निर्माण कार्यो का पंचायतीराज अधिनियम 1996 के नियम 181 के अन्तर्गत पंचायत समिति भवन का निर्माण कार्य करवाने हेतु अलग-अलग कार्यवार ई-निविदा (प्रोक्यूरमेन्ट) प्रक्रिया से खुली निविदाऐं जिला परिषद स्तर पर दिनांक 16.03.2024 को सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है तथा दिनांक 18.03.2024 को दोपहर 2.00 बजे तक अमानता राशि, आवेदन शुल्क, RISL शुल्क का डी.डी./बैंकर चैक एवं शपथ-पत्र आदि दस्तावेज कार्यालय में जमा करवाने है एवं दिनांक 18.03.2023 को दोपहर 3.00 बजे से उपापन समिति द्वारा खोली जावेगी। विस्तृत जानकारी हेतु ऑन-लाईन वेब-साईट http://sppp.rajasthan.gov.in/ & http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है।

UBN No. ZDA2324WSOB00190

NIB CODE ZDA2324A0176

मुख्य कार्यकारी अधिकारी
जिला परिषद दौसा

जयपुर विकास प्राधिकरण

इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांक जविप्रा/जनसम्पर्क/2023/डी-वी.-263 दिनांक : 28.02.2024

आम सूचना

निम्न योजनाओं के आवेदकों द्वारा अपनी सम्पत्ति के पट्टे/अन्य कार्य हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं, जिनका विस्तृत विवरण जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट www.jda.rajasthan.gov.in एवं जोन कार्यालय में देखा जा सकता है। इस संबंध मेंआपत्ति/सुझाव यदि हो तो 7 (सात) दिवस में मय दस्तावेज सबंधित उपायुक्त जोन कार्यालय में प्रस्तुत करें।

क्र. सं.	जोन	भूखण्ड संख्या /आवास संख्या	गृ.नि.स.स.लि./योजना का नाम	आवेदक
1	पीआरएन उत्तर द्वितीय	ई-84, ई-84ए, ई-85, ई-120, ई-121	5ई हनुमान नगर योजना, मोती भवन गृ.नि.स.स.लि., लीजडीड/प्रतिस्थापन हेतु	श्री राजेन्द्र कुमावत पुत्र श्री बाबूलाल कुमावत
2	पीआरएन उत्तर प्रथम	131	वैशाली सिटी योजना, महाराणा प्रताप गृ.नि.स.स., फ्रीहोल्ड पट्टे हेतु	श्रीमती कमला देवी पत्नी श्री भंवर लाल मीणा
3	पीआरएन उत्तर प्रथम	16	स्कीम नम्बर 12-बी योजना, मोती भवन गृ.नि.स.स., फ्रीहोल्ड पट्टे हेतु	श्री अमित चौधरी पुत्र स्व. श्री रतन सिंह चौधरी
4	पीआरएन उत्तर प्रथम	02	संस्कार विहार योजना, हथरोईगढ़ी गृ.नि.स.स., फ्रीहोल्ड पट्टे हेतु	श्रीमती लछिमा देवी पत्नी स्व. श्री बहादुर सिंह, शौर्य सिंह बोरा पुत्र स्व. श्री बहादुर सिंह जरिये प्राकतिक संरक्षक माता लछिमा देवी
5	पीआरएन उत्तर प्रथम	123	वैशाली सिटी योजना, महाराणा प्रताप गृ.नि.स.स., फ्रीहोल्ड पट्टे हेतु	श्री विनोद कुमार मीणा पुत्र श्री गणेश नारायण मीणा
6	पीआरएन उत्तर प्रथम	13 एवं 14 13 एवं 14ए 13 एवं 14बी 13 एवं 14सी 13 एवं 14डी	अमृत नगर सी योजना, मित्र गृ.नि.स.स., फ्रीहोल्ड पट्टे हेतु	श्रीमती भगवती देवी पत्नी श्री डालूराम शर्मा, श्री शिव भगवना शर्मा, श्री पुरूषोत्तम शर्मा एवं श्री रामस्वरूप शर्मा पुत्रान श्री डालूराम शर्मा
7	07	50	अलंकार विहार बी योजना, भैरव गृ.नि.स.स., पट्टे हेतु	श्री जगराम गुर्जर पुत्र स्व. श्री प्रभूराम
8	12	41	सुशीला विहार योजना, बाबा आर.एन. गृ.नि.स.स., फ्रीहोल्ड पट्टे हेतु	श्री दिनेश कुमार पुत्र श्री भारत भगत एवं श्रीमती सीता देवी पत्नी श्री दिनेश कुमार
9	12	86	विनायक विहार योजना, बुनियादी गृ.नि.स.स., फ्रीहोल्ड पट्टे हेतु	श्री भगवान सहाय जाट पुत्र श्री नारायण लाल पलसानिया
10	12	8	बालाजी विहार-।। योजना, श्री गणपति गृ.नि.स.स., फ्रीहोल्ड पट्टे हेतु	श्री हनुमान सहाय, गजानन्द, मोहन लाल, जगदीश पुत्रान श्री दौलतराम ताकर
11	12	ए-53	रामेश्वर एनक्लेव एम ए योजना, अम्बेश्वर गृ.नि.स.स.लि., लीजडीड हेतु	श्री सूरज करण यादव पुत्र श्री प्रभुनारायण यादव
12	05	189, 190	पदमावती कॉलोनी-।। योजना, खुदाबादी सोनार कॉ.हा.सो., आवासीय से मिश्रित भू-उपयोग हेतु	श्री त्रिलोक चन्द चौधरी पुत्र श्री पूरण मल चौधरी
13	12	-----	प्रेम सरोवर योजना, ग्राम भांकरोटाकलां तहसील सांगानेर में दिनांक 4.3.2024 को जविप्रा परिसर में पट्टा वितरण आयोजित किये जाने हेतु	श्रीमती प्रेमलता पुत्री श्री सांवतराम जाति मीना निवासी 41, गोपालबाड़ी, अजमेर रोड़, ज